हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 02 दिसंबर 2024
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

08 परसुली सोसायटी के अध्यक्ष मनोनीत....



09 एनएसएस कैंप में डॉक्टरों ने एचआईवी पर दी ...



## खबर संक्षेप

### शिक्षक के खिलाफ एफआईआर

**महासमुंद।** किसान और उसके साथियों के साथ गाली गलौज करने वाले शिक्षक के खिलाफ बसना थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बम्हनी का किसान जगदीश साहू पिता नंदू साहू (65 साल) ने रिपोर्ट लिखाई है कि पूर्व मा शाला बम्हनी में पदस्थ शिक्षक नंदकुमार बरिहा द्वारा आए दिन शराब सेवन कर पढ़ाने स्कूल आने और बच्चों के साथ गाली गलौज किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद प्रार्थी अपने साथी सरपंच बम्हनी उमेश प्रधान तथा समिति के अध्यक्ष धनुर्जय प्रधान एवं शावि समिति हाई स्कूल के अध्यक्ष पीतांबर प्रधान के साथ 30 नवंबर की सुबह 8 बजे स्कूल के शिक्षक नंद कुमार बरिहा को गाली गलौज नहीं करने के लिए समझाने गए थे। इस दौरान वह शिक्षक प्रार्थी और उसके साथियों को देखकर गाली गलौज करने लगा और मारने-पीटने की धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 296, 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना लिया है।

### एक्सीडेंट में दो लोग घायल, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से दो लोग घायल हो गए। पिथौरा थाना अंतर्गत इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 13 नवंबर को महेंद्र सिंह भारती अपने दोस्त गौतम के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एनटी 1286 में चंद्रपाल कॉलेज पिथौरा पढ़ाई करने आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम मुढीपार के पास एनएच 53 में करीब 10.30 बजे सामने से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीजेड 6638 के चालक अपने वाहन को तेज रफ्तार लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे महेंद्र सिंह भारती के सिर, बांये पैर में एवं मोटर सायकल के पीछे बैठे गौतम निराला के बांये पैर में चोंटे आई। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### ओडिशा निर्मित शराब जब्त

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने ग्राम नर्रा से एक आरोपी के कब्जे से ओडिशा निर्मित शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम नर्रा झिटकी मोड के पास आरोपी प्रदीप यादव पिता थानुराम यादव (20 साल) नर्रा शराब की अवैध बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक बोरी के अंदर हिरण छाप 50 पाउच ओडिशा राज्य निर्मित शराब कुल 10 लीटर कीमत 2500 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# शहर के अंबेडकर चौक में लगाया गया सिग्नल सालभर से बंद पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए तीन मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक कंट्रोल सिग्नल लगाया गया, पर पिछले लगभग एक साल से अंबेडकर चौक का सिग्नल खराब हो कर अब शोपीस बन गया है।

बता दें कि शहर से गुजरे राष्ट्रीय राजमार्ग के दोहरीकरण के बाद यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, वाहन चालकों को सुरक्षित वाहन चलाने व उन्हें कंट्रोल करने के लिए लगभग तीन साल पहले शहर के मुख्य चौक अंबेडकर चौक, कांग्रेस चौक और बरोंडा चौक में ट्रैफिक कंट्रोल सिग्नल लगाए गए थे, जो सुचारू रूप से शहर की ट्रैफिकव्यवस्था को कंट्रोल कर रहे थे। लेकिन करीब एक साल पहले अंबेडकर चौक का ट्रैफिक सिग्नल वह बंद हो गया, जिसे आज तक सुधारा नहीं गया है। मालूम हो कि इस तिराहे पर स्थित बस स्टेंड से बागबाहरा की ओर जाने वाली बसों का आना-जाना लगा रहता है साथ ही भारी वाहनों का भी आवगमन होता है। सिग्नल बंद होने से ओवरब्रिज के मुहाने पर यातायात हमेशा अव्यवस्थित होता है, दुर्घटना का डर बना रहता है और वाहनों का जाम लग जाता है। खासकर सुबह-शाम जब मार्ग पर यातायात का दबाब अधिक होता है। बावजूद यातायात विभाग और पालिका का इस ओर ध्यान नहीं है।

## हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है ओवर ब्रिज के मुहाने पर

### ओवरब्रिज मुहाने पर मालवाहकों और सब्जी व्यावसायियों का कब्जा

मालूम हो कि ओवरब्रिज बनने से जहां शहर से तुमगांव आने-जाने वालों को सहूलियत हुई है, वहीं शहर की ओर ओवर ब्रिज के मुहाने पर मालवाहकों ने अपना कब्जा जमाते हुए अघोषित वाहन स्टैंड बना लिया है जिससे तुमगांव की ओर से आने वाले बड़े वाहनों को जिन्हें रायपुर की ओर जाना होता है उन्हें परेशानी होती है। यही नहीं, करीब एक महीने से यहां सब्जी व्यावसाय भी शुरू हो गया है जिससे यहां वाहन चालकों को परेशानी हो रही है और यह कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है।



### ओवरब्रिज के पास ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाने की जरूरत

अंबेडकर चौक पर जिस समय सिग्नल लगाया गया तब वहां इसकी आवश्यकता थी। लेकिन, अब अंबेडकर चौक की बजाय ओवरब्रिज के मुहाने पर इसकी आवश्कता महसूस की जा रही है जिसके चलते इसे शिफ्ट किया जाना आवश्यक हो गया है। ताकि बस स्टैंड से ओवर ब्रिज के आगे बैंक तक ट्रैफिक कंट्रोल सुचारू रूप से हो पाए। वहीं ओवरब्रिज के पास से वाहन और सब्जी दुकानों को भी हटाया जाएगा।

## समस्या : आज हुई बारिश तो, 90 फीसदी केंद्रों में खरीदी पर ब्रेक

# बिगड़ा मौसम का मिजाज, किसानों व सोसायटियों की मुसीबत बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में रविवार को बदला हुआ मौसम रहा। हल्की बारिश हुई। हालांकि दिन का तापमान सामान्य दिनों की तरह रहा लेकिन जिले के कुछ जगहों में बारिश की होने की जानकारी मिली है।

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात फेंगल का असर जिला मुख्यालय सहित आसपास के ब्लॉकों में देखने को मिला रहा है। चक्रवात के चलते रविवार के दिन जिले में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम से तेज बारिश हुई। अब आगामी 2 दिसंबर तक फेंगल का असर जिले में रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। बताया गया कि आगामी दिनों में अंचल में धने कोहरे की वजह से दृष्यता में कमी हो सकती है। यदि, सोमवार को भी बारिश होती है तो 90 फीसदी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी पर ब्रेक लग सकता है। इधर, रविवार हुई बारिश के चलते इसका प्रभाव सीधे किसानों की खड़ी फसल पर पड़ेगा। जिन किसानों की फसल कटाई के बाद खलिहान में रखी है या उपार्जन केंद्रों में रखी है उसकी गुणवत्ता तथा रंग प्रभावित हो सकती है। इसे लेकर किसान चिंतित हैं।

बता दें कि धान खरीदी को लेकर आज 15 दिन हुये हैं। जिसमें महज 10 दिन ही खरीदी हो सकी है। वहीं, अभी 50 फीसदी फसल की कटाई शेष है। लेकिन अचानक आये चक्रवात ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी। मिली जानकारी के अनुसार मौसम के 4 दिनों तक खराब रहने की संभावना मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्व में ही जताई थी। बीती रात 9 बजे के बाद से ही मौसम में आंशिक परिवर्तन दिखाई देने लगे थे। सुबह 6 बजे तक आसमान पर बादल छा चुके थे। रविवार को भी सुबह से ही आसमान पर बादल दिखाई दे रहे थे। दोपहर महासमुंद, बागबाहरा, तेंदूकोना, पिथौरा सहित आसपास के ग्रामों में बारिश हुई। इसमें बागबाहरा ब्लॉक में कहीं-कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित गहरे अवदाब बना हुआ है।



### फसल की बढ़ जाएगी लागत

इधर, पहले ही खेतों में नमी की वजह से किसान कटाई नहीं कर पाए हैं। अब यदि, बारिश तेज होती है तो टायर वाला हार्वेस्टर खेतों में नहीं जा पायेगा। फलस्वरूप मजबूरी वश किसानों को चैन हार्वेस्टर का उपयोग करना पड़ेगा। जहां टायर हार्वेस्टर का किराया 2000 से 2500 रुपये प्रति एकड़ है। वहीं, चैन हार्वेस्टर का किराया 3500 से 4000 रुपये प्रति एकड़ है। ऐसे में किसान का फसल में लागत मूल्य बढ़ जायेगा। साथ ही रंग बदलने तथा धान भींगने से उसकी गुणवत्ता खराब हो जायेगी। जिससे उन्हें बेचने के दौरान भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। झालखम्हरिया सोसायटी के प्रबंधक भोजराम साहू तथा चरौदा सोसायटी के प्रबंधक जयप्रकाश साहू ने बताया कि यदि, आज बारिश होती है तो 90 फीसदी धान उपार्जन केंद्रों में काम बंद हो जायेगा। खरीदी नहीं हो पाएगी। फड़ गीला होने की वजह से वहां कीचड़ या फिसलन होती है। जिससे धान की तौलाई ठीक से नहीं हो पाती। वहीं समितियों के लिये भी नुकसान है। यदि, अधिक बारिश हुई तो समिति में धान की आवक कम होगी। धान खरीदी केंद्रों में गोदाम बनाने की प्रक्रिया अभी भी चल रही है। वर्तमान में 182 सहकारी समिति केंद्रो में धान खरीदी किया जा रहा है। उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी होती है किंतु गोदाम की सुविधा अधिकतर सहकारी समितियों में उपलब्ध नही है।

### पूरे दिन घरों में दुबके रहे लोग

रविवार सुबह से आसमान में बादल छाए होने के साथ दोपहर से शुरू हुई बरसात ने सावन की झड़ी की याद दिला दी है। ऐसे में लोग स्वेटर व जैकेट की जगह रेनकोट में नजर आए। साथ ही ठंड बढ़ने के कारण शाम होते ही लोग घरों में ही दुबके रहे। वहीं लगातार बारिश के चलते भी लोग अपने घरों में ही अलाव जलाते नजर आए।

इस दौरान बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पहुंचने वाले लोग काफी परेशान हुए। इनका कहना था कि दिन के समय तो जैसे-तैसे कट गया, लेकिन रात में सफर करने वाले यात्रियों के लिए बरसात के चलते पूरी रात ठिठुरते रहे।

विगत 15 दिनों से मौसम साफ होने के साथ तेज धूप होने से कई किसान धान कटाई के साथ-साथ बागवानी फसल के लिए भी खेतों को तैयार करने लगे थे। कई जगह तो सब्जियों की बुआई भी शुरू हो गई थी। अब बरसात के चलते जो खेत तैयार किए थे, उसका तो नुकसान हुआ ही साथ लोगों ने सब्जी लगाई है उन्हें भी नुकसान होगा।

## चक्रवात फेंगल के प्रभाव से रुक-रुककर होती रही हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

दक्षिण-पश्चिम बंगाल के खाड़ी में बना चक्रवात फेंगल के प्रभाव के कारण प्रदेश के वातावरण में नमी का आगमन लगातार जारी है। इसके प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में निम्न स्तर और मध्य स्तर के बादल छाए हुए वहीं कई जगह रुक-रुक कर हल्की बारिश भी हुई।

नगर सहित अंचल में पूरे दिन बदली और नम हवाओं का लोगों ने सामना किया। मौसम के इस बदलाव से रुक-रुककर हल्की बारिश भी हुई।



रविवार को सुबह से ही आसमान पर बदली छाई रही। सूर्यदेव के दर्शन भी नहीं हुए लेकिन ज्यादातर समय बदली व बारिश ही रही। नम हवाएं भी पूरे दिन चली। मध्य छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने के हालात निर्मित होने की मौसम विभाग के मुताबिक गरज चमक के साथ अनेक स्थानों पर वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है।

# शहर एवं ग्रामीण इलाकों में बढ़ा इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन चार्जिंग प्वाइंट की जरूरत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय से लेकर दूरदराज गांवों तक पिछले दो-तीन सालों में ई रिक्शा, इलेक्ट्रिक बाइकों का चलन बढ़ गया है। शहर में बस स्टैंड जाने या रेलवे स्टेशन जाने के लिए ई रिक्शा ही दिखाई पड़ते हैं, लेकिन चार्जिंग के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ई-रिक्शे को बढ़ावा देने के लिए एक तरफ सरकार सब्सिडी दे रही है। तो दूसरी तरफ शहर में अभी तक एक भी चार्जिंग प्वाइंट नहीं बनाया गया है। जिसके कारण ई रिक्शा मालिक एवं इलेक्ट्रिक बाइक चालक घर पर ही इन्हें चार्ज कर रहे हैं। जबकि कुछ जगहों पर चोरी छिपे चार्ज किया जा रहा है।

शहर में ईको फ्रेंडली वाहनों के नाम पर चलाए जाने वाले ई-रिक्शा एवं इलेक्ट्रिक बाइक का उपयोग कमर्शियल होता है, लेकिन यह घरेलू बिजली से चार्ज हो रहे हैं, जिससे हर साल लाखों की चपत विद्युत वितरण कंपनी को लग राही है। इसके अलावा हादसे की आशंका बनी रहती है। घर पर ई-रिक्शा एवं इलेक्ट्रिक बाइक चार्ज करते समय शार्ट सर्किट हो सकता है। आग भी लग सकती है। इस तरह की घटनाएं अन्य प्रदेशों में हो चुकी है, जिसमे ई-रिक्शा एवं इलेक्ट्रिक बाइक की चार्जिंग के समय शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। शहर एवं आस पास के ग्रामीण इलाकों में ई-रिक्शा एवं इलेक्ट्रिक बाइक चल रहा हैं। एक ई-रिक्शा एवं इलेक्ट्रिक बाइक को चार्ज करने में 6 से 7 घंटे लगते हैं। इस दौरान लगभग 9 यूनिट बिजली खर्च होती है। इस तरह देखें तो एक दिन में चार्जिंग पर लगभग 27 हजार यूनिट बिजली की खपत होती है। घरेलू दर प्रति यूनिट कॉमर्शियल से कम है। चार्जिंग फुल करने के बाद 70 से 80 किमी तक चलता है यह रिक्शा में उपयोग की गई बैट्री पर निर्भर करता है। अगर बैट्री लेड की है तो ये 60 से 70 किमी तक चलता है। वहीं अगर लीथियम बैट्री है तो इसकी क्षमता बढ़ जाती है और ये 70 से 80 किमी तक चलता है। कचरा उठाने निगम भी ई-रिक्शा का इस्तेमाल डोर टू डोर कचरे के उठाव के लिए कर रहे है।

### रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में चार्जिंग प्वाइंट बनाना जरूरी

ई रिक्शा संचालित करने वाले लोगों की मांग है कि रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में चार्जिंग प्वाइंट बनाया जाए जहां एक साथ छह से आठ वाहनों को चार्ज किया जा सके। बड़े शहरों में कई जगह चार्जिंग पॉइंट बनाया जा चुका है।

### इस वजह से हादसे का डर

शहर में ई रिक्शा एवं इलेक्ट्रिक बाइक के लिए चार्जिंग पाइंट नहीं बनाए गए हैं। लोग घरों में और बिल्डिंग में ही ई रिक्शा चार्ज कर रहे हैं। घरों में चार्जिंग करने के दौरान शार्ट सर्किट की संभावना अधिक रहती है। दरअसल चार्जिंग के लिए घरों में पावर प्लग नही होते ऐसे में शार्ट सर्किट होने का खतरा बना रहता है।

## नगर की साफ-सफाई ठप



**महासमुंद।** नगरीय निकायों के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जिसके चलते नगर की सफाई व्यवस्था ठप है। बीते शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार में जगह-जगह सड़कों पर कूड़े-कचरों का ढेर दिखाई दे रहा है।

## श्रीमद देवीभागवत कथा पुराण का नगर के लालवानी में किया जा रहा आयोजन

# स्वधा नाम के जाप से मन को मिलती है शांति : पं. तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वधा नाम के जाप से मन को शांति, पुष्टि और तृप्ति की प्राप्ति होती है। इसलिए जब मन अशांत हो तो मानव को स्वधा देवी का जाप करना चाहिए। जिस प्रकार देवताओं को तृप्त करने के लिए स्वाहा बोलकर भोजन दिया जाता है। उसी प्रकार पितरों की तृप्ति के लिए स्वधा का जाप करना चाहिए।

स्थानीय लालवानी गली में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत कथा पुराण में कथा का बखान करते हुए पं. पंकज तिवारी ने व्यासपीठ से उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि गया में पिंडदान करने के बाद भी अपने पितरों को तृप्त करने के लिए श्राद्ध पर्व में तर्पण करना चाहिए। जब पितर तृप्त होंगे तो वह अपने पुत्रों को सभी प्रकार के सुखों से तृप्त करते हैं। पुत्रों को श्रेष्ठ फल चाहिए तो उन्हें अपने पितरों की उपासना करें। महाराज जी ने बताया कि श्राद्ध पक्ष में हाथ के पितृतीर्थ से अपने पितरों को तर्पण करते हुए तस्मै स्वधा का उच्चारण करते हुए जल प्रदान करें इससे पितर तृप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि चावल से देवताओं को जौ से ऋषियों को और तिल से पितरों को जल अर्पण किया जाता है। कथा का बखान करते हुए महाराज जी ने बताया कि देवताओं ने भगवान ब्रह्मा से याचना की कि उन्हें तृप्त करने का उपाय बताएं। इस पर ब्रह्मा ने परांबा जगदंबा की उपासना की। माता ने अपनी दिव्य ज्योति प्रकट करते हुए कहा कि यह स्वाहा देवी है और मंत्र द्वारा जो भी व्यक्ति अंत में स्वाहा का उच्चारण करेगा उसे मंत्र की सिद्धि प्राप्त होगी। साथ ही अग्नि में आहुति देने पर देव को स्वाहा के द्वारा तृप्ति मिलेगी। इसी प्रकार पितरों ने भी ब्रह्मा के पास जाकर निवेदन किया कि वे भी भूखे प्यासे हैं और उन्हें तृप्ति नहीं मिल रही है। पितरों के निवेदन पर ब्रह्मा जी ने परांबा जगदंबा की उपासना की। इस पर एक तेज पुंज के रूप में स्वधा देवी का प्राकट्य हुआ जो पितरों को तृप्त और संतुष्ट करने का माध्यम बना।



### कथा विश्राम दिवस आज

शकुन निषाद और भुवन निषाद परिवार द्वारा आयोजित देवी भागवत महापुराण कथा का विश्राम सोमवार 2 दिसंबर को होगा। दोपहर में हवन पश्चात नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकाली जाएगी। विश्राम दिवस के पूर्व रविवार को संध्या बेला में महाकाल मुक्तिधाम सेवा समिति द्वारा ढोल नगाड़े के साथ मां जगदंबा की महाआरती की गई। नरेश, दमयंती, सुरेश, रामेश्वरी, संतोष, बिंदा ने श्रद्धालुओं से शोभायात्रा में भाग लेने की अपील की है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले होंगे पुरस्कृत

**सरायपाली।** आरएस पब्लिक इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल बगईजोर द्वारा फुलझर क्षेत्र के प्रतिभाओं को प्रोत्साहन के लिए लगातार तीसरे वर्ष सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान कृषि, साहित्य, कला, शिक्षा, चिकित्सा, समाजसेवा,पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए आगामी 25 दिसंबर 24 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। चयन समिति की प्रथम बैठक में निर्णय लिया गया है कि सम्मान समारोह युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी 25 को आयोजित किया जाएगा।समिति की बैठक में आर एस साहू,के आर पटेल, केआर चौधरी,पी साहू,प्रदीप गुप्ता, पटनायक, ध्रुव मालिक, ललित साहू, जयंत बारीक, धर्मेंद्रनाथ राणा आरएस इंग्लिश मीडियम स्कूल के संचालक सुरेंद्र साहू, प्राचार्य एमएम साहू उपस्थित थे।

### किसानों की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** किसानों को धान खरीदी में हो रही समस्याओं के विरोध में शनिवार को जिला कांग्रेस रायपुर ने प्रदर्शन किया। साथ ही कांग्रेस भवन में आंदोलन की रूपरेखा बनाकर किसानों की समस्याओं की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने किसानों को बारदाना, टोकन एवं एक बार में 3100+117 रुपए देने की मांग को लेकर जिला स्तरीय कमेटी, ब्लॉक स्तर में खरीदी केंद्र स्तरीय समिति बनी है, जो किसानों के हित में हर समस्या के लिए किसानों के साथ संघर्ष करने की बात कही। साथ ही व्यवस्था में सुधार, किसानों को राहत के लिए जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर द्वारा जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रकाश बांधे, भावेश बघेल, कृपाराम निषाद, मोहन वर्मा, धनराज मध्यानी, कन्हैया यादव, दिनेश ठाकुर, केशरी मोहन साहू, प्रशांत गोस्वामी, सुनील सोनी, देवा टंडन, चूड़ामणि, संतोष पल भूषण साहू, अरुण शुक्ला, रहमत उल्ला खान, देवेंद्र मिश्रा, प्रणव ठाकुर, श्रवण निषाद सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### पेंशनरों ने की डॉ. रमन से मुलाकात

**रायपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को विलोपित करने और विधानसभा में शासकीय संकल्प पारित करने ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के प्रांतीय महामंत्री अनिल गोल्हानी, कोषाध्यक्ष बीएस दसमेर, रायपुर जिला अध्यक्ष आरजी बोहरे, पीआर काटोलकर शामिल थे।

### योगेश अध्यक्ष, विपिन बने पेवा के सचिव

**रायपुर।** महाराष्ट्र भवन में शुक्रवार को आयोजित प्रैक्टिसिंग इंजीनियर वेलफेयर एसोसिएशन (पेवा) की वार्षिक सामान्य सभा में इंजीनियर योगेश शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में इं. विपिन शर्मा को सचिव, इं. महेश पोपटानी को कोषाध्यक्ष इं. राजेश जैन को कोषाध्यक्ष व इं. साहित्य राव को उपसचिव चुना गया। इस मौके पर पेवा की एजीएम में पहुंचे राजधानी के इंजीनियर्स ने महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण भी किया। सभी इंजीनियर्स ने मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले को इतने व्यवस्थित व वैभवपूर्ण भवन का निर्माण कर समाज व नगर के लिए एक अमूल्य संपत्ति उपलब्ध कराने के लिए बधाइयां दीं। इस अवसर पर सीएस पिल्लीवार, एसके अग्रवाल, आलोक महावर, नवीन शर्मा, प्रशांत बानी, हरीश पुरोहित, मनीष पिल्लीवार, नीलकंठ अग्रवाल, शैलेंद्र शर्मा सहित शहर के अनेक प्रतिष्ठित प्रैक्टिसिंग इंजीनियर उपस्थित रहे।

# धान का सुस्त परिवहन केंद्र प्रभारियों और समिति के लिए बन रहा मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



समर्थन मूल्य धान खरीदी को करीब 16 दिन बीतने को है जिले के 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से सहकारी समितियों ने 14 नवंबर से लाखों क्विंटल धान का उपार्जन किसानों से कर लिया है जो समितियों में खुले आसमान के नीचे कैप कवर के साथ डंप रखा गया है।

जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ महासमुंद के जयप्रकाश साहू ने कहा कि जिले में मिलर्स की हड़ताल के चलते सहकारी समितियों के उपार्जन केंद्रों से उपार्जित धान का परिवहन की बोहनी तक नहीं हुई है धान खरीदी में सुस्त परिवहन के चलते धान उपार्जन केंद्रों के केंद्र प्रभारियों एवं समिति के प्रबंधन के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। मौसम के अचानक बदलने के बाद खराब मौसम व बारिश से धान को बचाने कड़ी मशक्कत समिति प्रबंधन को करनी पड़ रही है। कुछ एक केंद्रों में नए एवं पुराने कैप कवर का इस्तेमाल करते देखा गया, जिसमें प्रबंधन से पूछे जाने पर शासन द्वारा दी जा रही फंड और वर्तमान महगाई में अंतर को बताते हुए मिलने वाले फंड को अपर्याप्त बताया गया। शनिवार और रविवार को समितियां छुट्टियों के वजह से बंद रही लेकिन आसामयिक हल्की बारिश के चलते उच्च अधिकारियों द्वारा बारिश को लेकर पूर्व अलर्ट किया गया था जिसके मद्देनजर समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को धान के स्टेको पर त्रिपाल केप कवर करते,ढकते देखा गया। सोमवार को धान खरीदी होगी अथवा नहीं किसानों समेत कर्मचारियों में संशय बना हुआ है। बता दे समर्थन मूल्य पर की जाने वाली धान खरीदी की अंतिम तारीख़ शासन द्वारा 31जनवरी 2025 निर्धारित है।

जिले के 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से रोजाना लाखों क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है जिसमें सबसे अधिक धान मोटा (कामन किस्म )की है वहीं सरना की आवक जिले में दूसरे नंबर पर है जबकि पतला धान की आवक नहीं के बराबर है। खरीदी जिस रफ्तार से जारी है जिले में धान का उठाव शून्य है जिससे समिति प्रबंधन के माथे पर चिंता की लकीर नजर आ रही है। धान खरीद में समितियों को कोई सूखत नहीं की स्थिति में समिति प्रबंधन के लिए यह काम बड़ा चुनौतीपूर्ण हो गया है।

जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ महासमुंद के जयप्रकाश साहू ने बताया कि धान खरीदी के दौरान शासन के निर्देशों के तहत किसानों से 17% नमी की मान से धान की खरीदी समितियों द्वारा की जाती है। कड़ी धूप एवं लेटलतीफी परिवहन व्यवस्था के चलते धान सुख जाता है जिसका सीधा असर समितियों की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है शासन द्वारा समितियों को धान खरीद पर कोई सूखत मान्य नहीं के चलते धान की खरीदी समितियों के लिए जी का जंजाल बन गया है।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने दी कर्मचारी नेता नारायण चंद्राकर को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन महासमुंद द्वारा कर्मचारी नेता पूर्व अध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ व पेंशनर संघ नारायण लाल चंद्राकर के निधन पर गहरा शोक व्यत करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। कर्मचारी भवन महासमुंद में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन व संयोजक रेखराज शर्मा ने कहा कि नारायण लाल चंद्राकर कर्मचारी जगत में संघर्ष के पर्याय थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन कर्मचारियों के हितों के संरक्षण में समर्पित किया। उन्होंने कहा कि श्री चंद्राकर के निधन से कर्मचारी जगत में शोक की लहर है, उनके योगदान व विशिष्ट कार्यों को सदैव याद किया जाएगा।

फेडरेशन के मागदर्शक वरिष्ठ कर्मचारी नेता प्रमोद तिवारी द्वारा श्री चंद्राकर के संदर्भ में अनेक संस्मरण सुनाते हुए कहा कि वे अदम्य साहसी व हाजिर जवाब कर्मचारी नेता थे। उन्होंने अन्याय, भ्रष्टाचार व कर्मचारियों के शोषण पर सदैव आवाज बुलंद किया। पेंशनर संघ के जिलाध्यक्ष एवं कर्मचारी नेता अशोक गिरि गोस्वामी ने कहा कि नारायण लाल चंद्राकर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ को नई ऊंचाईयां दी है वे सदैव याद किए जाएंगे।

इस अवसर पर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ के प्रांताध्यक्ष सुधा रात्रे, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ से दीपक तिवारी, एचआर साहू, पेंशनर संघ से शिव साहू पशु चिकित्सा संघ से चिंताराम साहू, रघुनाथ सिन्हा ने विचार व्यक्त करते हुए कर्मचारी जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रुप से एमएल साहू, हीरालाल साहू, रामकुमार साहू, पीसी पुरोहित, चमनलाल साहू, बोधन साहू, सालिकराम चंद्राकर, मन्नूलाल साहू, अर्जुन साहू, बीआर ध्रुव, एसएस दीवान, सनद यादव, बोधराम साहू, ओंकार प्रसाद चंद्राकर, रामनारायण चंद्राकर, मनहरण साहू, बीएस नेताम, मनराखन ध्रुव, पूर्णिमा ठाकुर, सुलेखा शर्मा, अहिल्या मरकाम सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी एकत्रित थे।

# परसुली सोसायटी के अध्यक्ष मनोनीत किए गए लोचन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति परसुली सोसायटी का प्राधिकृत अध्यक्ष के रूप में लोचन पटेल को मनोनित किया गया है। वे मरार समाज के कर्णधार एवं पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य भी रहे है। नवनियुक्त अध्यक्ष मनोनीत होने पर कोसरिया मरार पटेल समाज नर्राराज द्वारा श्रीफल भेंटकर एवं गुलाल से टीका लगाकर व स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान अध्यक्ष पुरूषोत्तम पटेल, उपाध्यक्ष दुकालुराम पटेल, संरक्षक सेतराम पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष माखनलाल पटेल, कोषाध्यक्ष परमेश्वर पटेल, महासचिव नेतराम पटेल, सह सचिव चंदन पटेल, संगठन सचिव अमर पटेल, मीडिया प्रभारी ललित पटेल, उपकोषाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, सलाहकार जगेश्वर पटेल, लक्ष्मी नारायण पटेल, मुरली पटेल, रघुलाल, रामेश्वर, नोहर पटेल, फैलसिंह, मेघराज, ओम सिंह पटेल, बिसौहा पटेल, पूरन पटेल, लीलाराम पटेल, जेठूराम, दशरथ पटेल, शुक्ला पटेल, दयालु पटेल, सभापति पटेल सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# वेडनर में विज्ञान प्रदर्शनी, आनंद मेला व आर्ट एंड क्राफ्ट उत्सव लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी, आनंद मेला एवं आर्ट एंड क्राफ्ट उत्सव मनाया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन शाला के मैनेजर रेव्ह. फादर जॉर्ज कवालम प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ ने किया।

प्रस्तुत किए गए मॉडल में जीवनोपयोगी आवश्यक तत्वों की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। शिक्षक हारून मसीह ने बताया कि अब वेडनर के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ विज्ञान एवं हर प्रकार की गतिविधि में शहर ही नहीं, पूरे जिले में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां के अनुभवी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन मिल रहा है, जो एक अच्छे समाज व देश के निर्माण के लिए आवश्यक है। इस विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने केले के पेड़ से सिलाई धागा बनाया जिस पर शोध किया जाए तो यह धागा कपड़े की सिलाई करने, कपड़े बनाने व चिकित्सा के क्षेत्र में भविष्य में कारगार साबित हो सकता है। छात्रों ने मॉडल में दिखाया कि कैसे वाटर फिल्टर करके जल को शुद्ध बनाया जाता है, उत्सर्जन तंत्र, गुर्दे का कार्य कोशिका विभाजन, न्यूटन के तीन नियम, ह्यूमाडायलिसिस, हाइड्रॉलिक लिफ्ट जिसमें कार को ऊंचाई वाले स्थान से भी लाया ले जाया जा सकता है, स्मार्ट ग्लास जो अंधे लोगों के लिए उपयोगी है जिसमें यदि रास्ते में कोई गाड़ी आ रही है तो उसका सिग्नल घंटी के माध्यम से पता चल जाता है। ह्यूमन डाइजेस्टिव सिस्टम, ऑटोमेटिक कूलर, विंड टरबाइन जो विद्युत के अभाव में बैटरी की सहायता से चलाया जा सकता है इन सभी मॉडलों को विद्यार्थियों ने बड़े ही कलात्मक ढंग से बनाया। पवन चक्की से ऊर्जा निर्मित करने की वैज्ञानिक विधि प्रस्तुत की गई, स्मार्ट हाईटेक मॉडल जिसमें फॉर्म में आग लगने पर संकेत मिलने घर में आने वाले व्यक्ति का संकेत मोबाइल में घंटी बजने से हो जाता है, इन सभी मॉडलों को विद्यार्थियों ने बड़े ही सुंदर ढंग से बनाया था इसके अतिरिक्त स्लाइड प्रोजेक्टर चंद्रयान-3 हार्वेस्टिंग सिस्टम आदि संयंत्रों को मॉडल में दिखाया गया।

इसी क्रम में बच्चों ने रोबोटिक्स के अद्भुत मॉडल बनाए जैसे-रोबोटिक क्लीनर, ऑटोमेटिक फायर प्रदर्शनी, टॉकिंग रोबोट, रोवर इन प्लेनेट, स्वाइल डिटेक्टर आदि शामिल थे। आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में माचिस की तीली से फ्लावर पॉट, पिस्ता से हार्ड शेप, क्ले से ज्वालामुखी के दृश्य दिखाए गए। शाला के समस्त विद्यार्थी एवं प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों ने इस चलित मॉडल का निरीक्षण कर हर्ष व्यक्त किया

इस अवसर पर आनंद मेला भी रखा गया। इस अवसर पर रेव्ह. फादर जार्ज कवालम, रेव्ह. फादर देवानंद बाघ ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए वैज्ञानिक गतिविधियों का अवलोकन कर उनके प्रयास की प्रशंसा की और विज्ञान शिक्षिक विनय गुप्ता, अवनीश श्रीवास्तव, हारून मसीह, शिक्षिका मिताली जैन, हुमैरा जबीन, रीमा निषाद तथा प्रदर्शनी में भाग लेने वाले समस्त विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किए।

# विजेता खिलाड़ी व खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




ग्रामीण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोषगांव में आयोजित पं. जयदेव सतपथी स्मृति अंतर शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सरायपाली विधायक चातुरी नंद, मेडिको लीगल वैज्ञानिक डॉ दिव्यकिशोर सतपथी के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि खेल में हार जीत मायने नहीं रखती, बल्कि हमने खेल में अपनी भागीदारी निभाई ये आवश्यक है। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अपना शत-प्रतिशत भागीदारी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खेलों के विकास के लिए वे हरसंभव सहयोग करेंगी। विजेता खिलाड़ियों को विधायक चातुरी नंद ने पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्रों जिन्होंने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया है उनका भी सम्मान विधायक नंद और उपस्थित अतिथियों ने किया। कार्यक्रम में फुलझर सेवा समिति के अध्यक्ष विद्याभूषण सतपथी, प्राचार्य बीआर भोई, वीरेंद्र सतपथी, सखाराम पटेल, जयकृष्ण चौधरी, हेमंत बारीक समेत पूर्व छात्रगण और खिलाड़ीगण समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# गोलबाजार में शौचालय निर्माण का नपाध्यक्ष राशि ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने रविवार सुबह शहर के गोलबाजार में पालिका द्वारा निर्माणाधीन सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। ज्ञात हो कि गोलबाजार व्यापारियों और ग्राहकों द्वारा वर्षों से बाजार में सर्वसुविधायुक्त सार्वजनिक शौचालय निर्माण की मांग की जा रही थी। मांग पर श्रीमती महिलांग ने कार्य योजना तैयार कराया और इसका निर्माण शुरू कराया जो अंतिम चरण में है। निर्माण पूर्ण होते ही इसका लोकार्पण कर लोगों की सुविधा के लिए इस शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए गोलबाजार के व्यापारियों ने श्रीमती महिलांग का आभार जताया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ कार्यकर्ता पालिककर्मी व व्यापारी मौजूद रहे।

## थोक में किए गए तबादले
# लोक निर्माण विभाग में 71 अभियंताओं की नई पदस्थापना

**रायपुर।** राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग ने 71 अधिकारियों की नई पदस्थापना की है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने मंत्रालय से अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं और सहायक अभियंताओं की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं।

जिन अधिकारियों के नाम इसमें शामिल हैं, उनमें कार्यपालन अभियंता पीएल पैकरा को रायपुर से सारंगढ़, मधेश्वर प्रसाद बालोद से बीजापुर, बीके ध्रुव बीजापुर से जगदलपुर, निर्मल कुमार सिंह बेमेतरा से रायपुर, हेमंत अरोरा को रायपुर से नवा रायपुर, हीरामन सिंह नायक को अंबिकापुर से दुर्ग, डीके महेश्वरी दुर्ग से रायपुर, डीके चंदेल रायपुर से बेमेतरा, एके श्रीवास दुर्ग से नवा रायपुर, ललित कुमार भोई अंबिकापुर से नारायणपुर, सुबोध राम भगत बचेली ये अंबिकापुर, हरनारायण पात्र जगदलपुर से सुकमा, मोहन राम भगत को अंबिकापुर से रामानुजगंज, गोविंद अहिरवार रायपुर को रायपुर, केके सरल चांपा से कांकेर, रणजीत अशोकि घाटगे रायपुर से कवर्धा, राजेंद्र कुमार सोनकर बलौदाबाजार से कांकेर, ब्रजेश चतुर्वेदी मनेंद्रगढ़ से बिलासपुर, नितेश तिवारी को अंबिकापुर से बिलासपुर, विशाल तिवारी को रायपुर से विधानसभा संभाग रायपुर, अभिनव श्रीवास्तव रायपुर से रायपुर, संतोष कुमार नेताम धमतरी को धमतरी, आशीष कुमार दुबे रायपुर को मनेंद्रगढ़, महावीर प्रसाद डडसेना को नगरी से रायपुर, संतोष कुमार गुप्ता रामनुजगंज को नवा रायपुर, मोचन प्रसाद कश्यप को पत्थलगांव, वीरेंद्र चौधरी को जशुपर से अंबिकापुर, नंद किशोर डडसेना नवा रायपुर को अंबिकापुर, केशव प्रसाद लहरे को चांपा से सूरजपुर, अमित कश्यप को रायगढ़, भोज कुमार मांझी गुण्डरदेही से दंतेवाड़ा, रमेश कुमार शर्मा को जांजगीर से रायगढ़, रामाधार तांबे को रायपुर से अंबिकापुर, रामेश्वर प्रसाद सिंह नवा रायपुर से गरियाबंद, सुनील कुमार चौरसिया राजनांदगांव, प्रियंका मेहता बिलासपुर से सक्ती, प्रज्ञा नंद जगदलपुर से कोंडागांव, रश्मि वैश्य लोरमी से बिलासपुर, मेरी दिव्या गुलाब केरकेट्टा को अंबिकापुर, नीता रामटेके को राजिम से बलौदाबाजार, रितू खरी को बालोद से मानपुर, ममता पटेल को मुंगेली से चांपा, आशा मंडावी को आंगढ़ से कांकेर पूर्णिमा कौशिक को महासमुंद से बालोद, नित्या कुमारी को पंडरिया से पेंड्रा, श्रद्धा सिंह को रायपुर, एसके सतपथी को मनेंद्रगढ़ से मुंगेली, अनुज शर्मा गरियाबंद से बलौदाबाजार, आशीष कुमार को नवा रायपुर से दुर्ग, देवनारायण वर्मा को रायपुर, चंद्र किशोर पांडे बिलासपुर से दुर्ग, प्रदीप गुप्ता राजनांदगांव से दुर्ग, शिवलाल ठाकुर को दंतेवाड़ा से रायपुर, प्रभात कुमार सक्सेना आरंग से रायपुर, चंद्रशेखर चंद्राकर रायपुर से महासमुंद, व्हीएनके शास्त्री को बलासपुर, संजय चौहान रायपुर से नवा रायपुर, रामरतन ध्रुव कांकेर से जगदलपुर, विंध्यराज सिंह बिलासपुर, जेएन मानकर नारायणपरु से रायपुर, टीएन सिंह जशपुर और टीसी वर्मा को बलौदाबाजार में पदस्थ किया गया है।

# बिल्डिंग मटेरियल रखने पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



सडक किनारे बिल्डिंग मटेरियल रखने वालों की अब खैर नही है। इसके लिए आयुक्त ने संबंधितों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए है। मटेरियल सडक पर रखने के कारण आवाहाजी और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जिसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

कमिश्नर सुमित अग्रवाल शहर के वार्डो में निगम अमला के साथ निरीक्षण करने पहुंचे। कमिश्नर ने वार्ड क्रमांक 1 नयापारा बाजार के पास सड़क किनारे पढ़े सीएनडी वेस्ट को हटाने और जुर्माना करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड क्रमांक 2 राजीव नगर तालाब पहुँचे, जहाँ सफाई और पानी निस्तार के लिए संबंधित इंजीनियर को निर्देश दिए। सुबह कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 1 नया पारा, पंचशील नगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लीकेज पाइप लाइन को जल्द ठीक करने को कहा। साथ ही सड़क किनारे बिल्डिंग मटेरियल देखकर मौजूद अधिकारी को कार्रवाही करने की बात कही।

कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि, शहर के कई वार्डो में रोड, नाली के किनारे बिल्डिंग मटेरियल रखने पर नगर निगम का अमला सामग्री जब्त करने की कार्रवाई करेगा। रोड व नाली के किनारे रेत, गिट्टी, ईंट का ढेर रखने से आवागमन में परेशानी होती है।

### नालियां हो रही जाम

निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने बताया कि, भवन निर्माण करने वाले नागरिकों ने बिल्डिंग मटेरियल रखने की व्यवस्था नहीं की है। ऐसे में लापरवाही से सड़क या नाली के किनारे रेत-गिट्टी रखने से आवाजाही पर असर पड़ रहा है। इसके कारण नागरिकों को आने जाने पर परेशानी होती है। मटेरियल रखने के कारण नालियां जाम हो रही हैं। उन्होंने व्यवसाय करने वाले व भवन निर्माण करने वालो से अपील की है। बिल्डिंग मटेरियल सड़क व नाली के ऊपर न रहें।

### कोर कमेटी में भी नगरीय निकाय पंचायत चुनाव साथ कराने पर मंथन

**रायपुर।** भाजपा ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बड़ी बैठक की है। पहले तीन संभागों बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर की बैठक हुई। इसके बाद कोर कमेटी की बैठक की गई। कोर कमेटी की बैठक में भी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव साथ कराने पर मंथन किया गया। इसी के साथ नगर निगमों में महापौर और नगर पालिकाओं में अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष कराने पर भी चर्चा की गई। सरकार जल्द इस पर फैसला लेगी। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा दोनों चुनाव एक साथ कराने की तैयारी में है। प्रदेश भाजपा संगठन ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर संभागों की बैठक में यह जानने का प्रयास किया है कि संभाग के जिलों के पदाधिकारी, प्रदेश भर के भाजपा के महापौर, अध्यक्ष, सभापति, नेता प्रतिपक्ष, सांसद, विधायक और जन प्रतिनिधि क्या सोचते हैं। ऐसे में इनके साथ नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने को लेकर रायशुमारी की गई है। इसी के साथ महापौर और अध्यक्ष के चुनाव को प्रत्यक्ष कराने पर भी बात की गई है।

**खबर संक्षेप**

## सिविल सेवा के निष्पक्ष परीक्षा परिणाम से युवाओं में उत्साह : साहू

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 2023 का परिणाम जारी किया जा चुका है। भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का युवाओं की ओर से आभार व्यक्त किया व बधाई दी।भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि इस बार परीक्षा की पूरी प्रक्रिया अविवादित और निष्पक्ष रही है, जिससे युवाओं विशेषकर सिविल सेवा, व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं में उत्साह बढ़ा है तो साथ ही उनके परिजन भी ख़ुश है कि राज्य में सुशासन की सरकार लौटने से उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित हाथों में है । बीते वर्षों में कांग्रेस सरकार के दौरान सिविल सेवा और व्यापम परीक्षा परिणाम विवाद व घोटालों की भेंट चढ़ता रहा । कई परिणामों में नेताओं या अफसरों के परिवार पोषण का मामला सामने आया और मामला न्यायालय व सीबीआई जांच तक पहुंच गया । भाजपा ने वादा किया था कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने पर सभी घोटालों की जांच करा दोषियों को जेल भेजेंगे । मुख्यमंत्री विष्णदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार ने युवाओं से किया वादा पूरा किया है, सीजीपीएससी 2023 का परिणाम निर्विवादित एवं निष्पक्ष आने से युवा एक बार फिर सिविल सेवा व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी को लेकर उत्साहित है ।




## आशीबाई गोलछा मिडिल स्कूल के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण कर लौटे

**महासमुंद।** आशी बाई गोलछा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महासमुंद के छात्र-छात्राओं ने आज प्रधान पाठक जीआर साहू के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण हेतु रायपुर के जंगल सफारी, छत्तीसगढ़ साइंस सेंटर रायपुर, कौशल्या माता मंदिर चंदखुरी के लिए संकुल समन्वयक पवन साहू ने हरी झंडी दिखाते हुए सोद्देश्य यात्रा की शुभकामनाएं देकर रवाना किया। इस भ्रमण में शाला के शिक्षक स्टाफ के साथ कुल 110 बच्चों का जत्था जंगल सफारी में खुले वातावरण में भालू , शेर, हिरण, बारहसिंगा , नीलगाय , चीतल, बाघ व मोर को नजदीक से देखकर हर्षित हुए पश्चात छत्तीसगढ़ साइंस सेंटर रायपुर पहुचकर दोपहर भोजन के बाद साइंस सेंटर के अंदर तारा मंडल, छत्तीसगढ़ के संसाधन व साइंस के विभिन्न यंत्रों को देखते ही बच्चे रोमांचित व विषमय भरे बहुत से प्रश्न भी किए। अंत में कौशल्या माता मंदिर चंदखुरी का दर्शन कर वापसी हुई। इशैक्षिक भ्रमण से बच्चों को नई जानकारी के साथ वातावरण का अध्ययन कर अपने घर को लौटे। इस भ्रमण में प्रधान पाठक जीआर साहू के साथ सहयोगी के रूप में समस्त शिक्षक स्टाफ वी राव, श्रीमती चंचला गुप्ता, लता वैष्णव, आबिदा खान, तृप्ति साहू सभी ने बच्चों को भ्रमण कराया। उक्त जानकारी शिक्षिका लता वैष्णव गाइड कैप्टन ने दी।

### शिविर : रासेयो कैंप में एड्स जागरूकता पर व्याख्यान, भलेसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

# एनएसएस कैंप में डॉक्टरों ने एचआईवी पर दी अहम जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भलेसर में चतुर्थ दिवस दिनांक 1 दिसंबर को शिविर दिनचर्या में परियोजना कार्य में मैदान निर्माण एवं भाटापारा तालाब व शीतला मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. अनिरुद्ध कसार एड्स नियंत्रण समिति नोडल अधिकारी जिला महासमुंद एवं डॉ. विकास चंद्राकर खंड चिकित्सा अधिकारी उप स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव, अजय कुमार राजा व श्रीमती राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, प्रकाशमणि साहू सहायक कार्यक्रम अधिकारी, अविनाश चौहान जनभागीदारी व्याख्याता वाणिज्य मंचस्थ रहे। बौद्धिक सत्र में स्वागत उद्बोधन में प्रकाशमणि साहू ने एड्स के बारे में बताया कि विश्व एड्स दिवस हमें एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने, एचआईवी संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति दिखाने और इस बीमारी से लड़ने के लिए एक साथ आने का मौका देता है। इस दिन अलग-अलग कार्यक्रमों, सेमिनारों और जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत 1 दिसंबर 1988 में हुई थी।

डॉ. अनिरुद्ध कसार द्वारा 'एड्स बचाव ही जानकारी' विषय पर कहा गया कि एचआईवी एक ऐसा वायरस है, जो शरीर की इम्युनिटी को कमजोर कर देता है। एड्स एचआईवी संक्रमण का अंतिम चरण है। जब एचआईवी शरीर में प्रवेश करता है, तो यह टी-सेल्स को नष्ट करना शुरू कर देता है। टी-सेल्स शरीर के इम्युन सिस्टम का एक जरूरी हिस्सा हैं। जब टी-सेल्स की संख्या बहुत कम हो जाती है, तो शरीर किसी मामूली इंफेक्शन से भी लड़ने में असमर्थ हो जाता है। जिसके कारण व्यक्ति की उस बीमारी की वजह से मौत हो जाती है। जब एचआईवी इंफेक्शन एड्स के स्टेज में पहुंच जाता है, तो ऐसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं- लगातार बुखार, अकारण वजन कम होना, लगातार थकान, लगातार खांसी, दस्त, रात में पसीना आना, त्वचा पर चकत्ते, मुंह में




छाले, देखने में तकलीफ जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द लिम्फ नॉड्स में सूजन इत्यादि कारण हो सकते है। फैलने के भी कुछ निम्न कारण हो सकते है जैसे कि असुरक्षित सेक्शुअल एक्टिविटीज, एक ही इंजेक्शन का बार-बार इस्तेमाल, संक्रमित मां से उसके बच्चे में गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के समय या स्तनपान के जरिए, ब्लड ट्रांसफर के माध्यम से एड्स बीमारी फैल सकता है।

डॉ. विकास चंद्राकर द्वारा शिविरार्थियों के विभिन्न प्रकार के एड्स से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए जिसमें इम्युनिटी सिस्टम, एड्स बीमारी के समयावधि और कहा कि एड्स एक ऐसी जानलेवा बीमारी है जो मानवीय प्रतिरक्षी अपूर्णता विषाणु (एचआईवी) संक्रमण के बाद होती है। एचआईवी संक्रमण के पश्चात मानवीय शरीर की प्रतिरोधक क्षमता घटने लगती है। एड्स का पूर्ण रूप से उपचार अभी तक संभव नहीं हो सका है। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति में एड्स की पहचान संभावित लक्षणों के दिखने के पश्चात ही हो पाती है। रोग रोकथाम एवं निवारण केंद्र द्वारा एड्स के संभावित लक्षण बताए गए हैं। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति, जो किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित नहीं है, में एड्स के लक्षणों की जांच विशेष रक्त जांच के आधार पर की जा सकती है। एचआईवी संक्रमण का अर्थ यह नहीं है कि वह व्यक्ति एड्स से भी पीड़ित हो। एड्स के लक्षण दिखने में 8 से 10 वर्ष तक का समय लग सकता है। एड्स की पुष्टि चिकित्सकों द्वारा जांच के पश्चात ही की जा सकती है। एचआईवी संक्रमण शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को इस हद तक कम कर देता है कि इसके बाद शरीर अन्य संक्रमणों से लड़ पाने में अक्षम हो जाता है। इस प्रकार के संक्रमण को अवसरवादी संक्रमण कहा जाता है क्योंकि ये अवसर पाकर कमजोर हो रहे प्रतिरक्षा प्रणाली पर हावी हो जाते हैं जो बाद में एक बीमारी का रूप ग्रहण कर लेती है। एड्स प्रभावित लोगों में हुए कई संक्रमण, जो गंभीर समस्या पैदा कर सकते हैं या जानलेवा हो सकते हैं, को शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली नियंत्रित करती है। एड्स शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को इतना दुष्प्रभावित कर देता है कि इस गंभीर बीमारी की रोकथाम या इसका उपचार करना आवश्यक हो जाता है। संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शिविरार्थियों द्वारा छग की संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक सहित सभी शिवरार्थी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन अविनाश चौहान द्वारा किया गया। संचालन दल क्रमांक 03 उपदल नायक लिलेश्वरी दिवान द्वारा किया गया।

## आस्था की काव्य गोष्ठी में कवियों ने गुदगुदाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आस्था साहित्य समिति महासमुंद द्वारा छत्तीसगढ़ी राजभाषा स्थापना दिवस के अवसर पर साहित्य डॉ. साधना कसार के निवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार एवं छत्तीसगढ़ी भाषा के सशक्त हस्ताक्षर आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि मया के अमरित बानी, गंगा के पबरित पानी पुतरी आंखी के अंतस के सुवांसा लहू म महतारी भासा। उन्होंने छत्तीसगढ़ी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए हमारे लिए अमूल्य बताया। साहित्यकार श्रीमती एस. चंद्रसेन ने पंक्तियां समर्पित करते हुए महतारी भासा की वंदना की बन्दत हौ मोर छत्तीसगढ़ी महतारी



भुईयां के माटी रोटी गुरतुर बानी। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साहित्यकार बंधु राजेश्वर खरे ने कहा कि अपन गांव, नता गोता जात धरम के, जब मनखे ला नसा चढ़ जाथे तब ओहा मनखे नइ रहि जाय मनुख बाहिर, मनुख मार, मनुष खया हो जायें । साहित्यकार उमेश भारती मृदुल ने छत्तीसगढ़ी व्यंग्य रचना पढ़ते हुए कहा कि चलो मिलके एक नवां गीत गुनगुनाबो, जिनगी ल नवां सुरताल म सजाबो।

इस अवसर पर पत्रकार व साहित्यकार उत्तरा विदानी गांव व गलियों की पारंपरिक गीत सुनाकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया काबर समाये रे मोर बैरी नैना मं, सुनाया। सुजाता विश्वनाथन ने किस्मत ल झन कोस मितान अलाली के तोर दोस मितान सुनाकर खूब गुदगुदाया। आयोजनकर्ता डॉ. साधना कसार ने कहा कि दुलहिन सिंगार बिन, परिवार संस्कार बिन रिस्ता नेह बिन, बने नई लागय।

कार्यक्रम का अपने अनूठे अंदाज में संचालन करते हुए साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने काव्य गोष्ठी को ऊंचाईयां देते हुए कहा कि जल जंगल जमीन इहां के पहचान हे, आदिवासी संस्कृति इहां के मान हे, सुआ ददरियां, करमा जिहा गावत फिरते नोनी ह तिहां के भाखा ल मोर बारम्बार परणाम हे। साहित्य प्रेमी एवं शिक्षाविद् केआर चंद्राकर, एमआर विश्वनाथन ने छत्तीसगढ़ी भाषा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां दी। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ अधिवक्ता भरत सिंह कसार ने किया।

## रासेयो शिविर में विधिक साक्षरता व साइबर सेल की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के रासेयो इकाई द्वारा डॉ मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक के मार्गदर्शन व डॉ किशोर कुमार तिवारी प्राचार्य के दिशा निर्देश में एवं कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर पिंकू साहू विधिक सलाहकार, चोला मंडल फाइनेंस लिमिटेड द्वारा साक्षरता व साइबर सेल के बारे में विस्तार से जानकारी दिए. वर्तमान समय में पढ़े लिखे लोग भी अधिकतर ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे है. ठगी के कारण व समाधान की जानकारी देते हुए उनसे सावधान रहने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही भारत के संविधान के मौलिक अधिकार व विधिक संहिता के बारे में बताया गया। एड्स दिवस पर एड्स जागरुकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। साथ ही रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरुकता का संदेश दिए। इस कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार भोई प्रधान पाठक शास उच्च प्राथमिक शाला खपरीडीह, चरण सिंह एवं धर्मेंद्र भोई शिविर संगठक, किशन नंद शिविर दल नायक, जीतू साहू उप दल नायक व हिमांशु मांझी,नीतिश, योगेश, नीलांबर, विकास राणा, कौशल चौधरी, सरिता वैष्णव, प्रीति साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक जूली साव ने किया।




## टोकन के नहीं कटने से किसान समितियों के चक्कर लगाने विवश

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि किसान अपनी उपज बेचने अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। लेकिन सरकार या अफसरों को इससे कोई सरोकार नहीं है। साय सरकार द्वारा धान खरीदी को प्रभावित करने सुनियोजित तरीके से कई बाधाएं सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें एक तो किसानों का टोकन नहीं कटना, किसानों से 50 प्रतिशत बारदाने की डिमांड करना, रकबा संशोधन कर कम खरीदी करना तथा धान खरीदी की शुरुआत से लेकर आज तक किसी भी समिति से एक दाना धान का उठाव नहीं करवाकर सरकार धान खरीदी को पूरी तरह प्रभावित करने का प्लान तैयार कर रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि अभी जो प्रमुख समस्या सामने आ रही है, वह टोकन की समस्या है। इसके अलावा उठाव नहीं होने से कई समितियों में शीघ्र ही धान रखने जगह की कमी का समस्या सामने आ सकती है। जिससे धान खरीदी पूरी तरह प्रभावित होने की आशंका से इनकार भी नहीं किया जा सकता। श्री चंद्राकर ने कहा कि ऑनलाइन एप में टोकन नहीं कटने से ऑफलाइन टोकन के लिए किसानों को समितियों के चक्कर काटने मजबूर होना पड़ रहा है। टोकन तुहर हाथ मोबाइल ऐप केवल सफेद हाथी साबित हो रहा है। यह एप सुबह 9.30 बजे खुलता है। पहले तो एप खुलता ही नहीं और अगर कनेक्ट होता भी है, तो दो मिनट के अंदर ही समिति में टोकन लिमिट दिखाकर खरीदी की सीमा खत्म बताता है। खरीदी की लिमिट के कारण इस ऐप से टोकन किसानों के हाथों तक नहीं पहुंच रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि सरकार ने धान खरीदी में 14 दिन देरी कर पहले ही किसानों को परेशानी में डालने का काम किया है। देर से धान खरीदी शुरु होने के कारण टोकन के लिए होड़ मच रही है। इससे खरीदी केंद्रों की लिमिट जल्दी खत्म हो जा रहा है और बचे हुए किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। लिहाजा किसानों को



धान की कटाई- मिंजाई छोड़कर समितियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। किसान अपना काम छोड़कर टोकन काटने समितियों के चक्कर लगा रहे है। उन्होंने बताया कि अधिकांश किसानों के पास सामान्य कीपैड मोबाइल उपलब्ध है। ग्रामीण इलाकों के रहने वाले किसान के पास एंड्राइड मोबाइल नहीं होने से और पढ़े-लिखे नहीं होने की वजह से टोकन कटवाने च्वाइस सेंटर भी पहुंच रहे हैं। सुबह 9 बजे से ही ग्रामीण इलाकों के कंप्यूटर केंद्र में किसानों की भीड़ देखी जा सकती है। जिससे उन्हें अलग से समय और पैसों की नुकसान हो रहा है। ऑनलाइन टोकन एप रोजाना सुबह 9.30 बजे खुलता है और कुछ ही मिनट में टोकन लिमिट समाप्त होने का नोटिफिकेशन आ जाता है। कई समितियों में ऑफलाइन टोकन कटाने के लिए किसान सुबह 4 बजे से लाइन लगा रहे हैं। टोकन के लिए किसानों की परेशानी को देखकर तो ऐसा ही लग रहा है कि सरकार सुनियोजित तरीके से धान खरीदी बाधित कर रही है।






## खबर संक्षेप



### पतेरापाली के विद्यार्थी सम्मान समारोह

**महासमुंद।** बीमा स्कूल कार्यक्रम के तहत बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम बीकेबाहरा एवं ग्राम पतेरापाली में प्राइमरी स्कूल एवं हाईस्कूल में बच्चों का सम्मान किया गया। ग्राम बीके बाहारा प्राइमरी स्कूल में क्लास एक से लेकर पांचवी तक बच्चों का सम्मान किया गया एवं पतेरापाली में 9वीं 10वीं 11वीं और 12वीं के बच्चों का सम्मान किया गया, जो पिछले साल क्लास में प्रथम और द्वितीय आए थे। महासमुंद के लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजर राकेश झाबक एवं बागबाहरा के अभिकर्ता प्रियेश जैन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें स्कूल के प्रिंसिपल के अलावा सभी शिक्षकों की उपस्थित थी।

### तुमगांव में नेत्र जांच शिविर आज

**तुमगांव।** नगर पंचायत तुमगांव में 2 दिसंबर को नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। ये आयोजन नगर के मितानिन दीदीयों, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पप्पू पटेल व नेत्र चिकित्सालय एमजीएम रायपुर के द्वारा आयोजित है। यह शिविर नगर के निषाद भवन भाटापारा तुमगांव में आयोजित होगा। आयोजन समिति के सदस्य पप्पू पटेल ने बताया कि शिविर में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चिकित्सा टीम द्वारा रोगियों की जांच की जाएगी। रोगियों की जांच के बाद ऑपरेशन योग्य पाए जाने वाले रोगियों के ऑपरेशन एमजीएम के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा के जाएंगे। मोतियाबिंद वाले चयनित रोगियों का निशुल्क ऑपरेशन एमजीएम चिकित्सालय मोवा रायपुर में किया जाएगा। शिविर में भर्ती किए 'गए रोगियों के लिए भोजन, आवास, दवाइयों और चश्मों की व्यवस्था निशुल्क की जाएगी।

### राज्य सरकार के फैसले का स्वागत

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में जमीन को बंटवारे, दान और हक त्यागने वालों के लिए अच्छी खबर है। राज्य में सुशासन की सरकार लौटने से प्रदेश में जमीन दान, बंटवारे या हक त्यागने को लेकर विष्णु देव सरकार ने बड़ी राहत दी है। भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया व बधाई दी। अब राज्य में जमीन दान, बंटवारे या हक त्यागने के लिए रजिस्ट्रेशन फीस मात्र 500 रुपए लगेगा। पहले इन तीनों के लिए मार्केट रेट 0.8% चार्ज देना पड़ता था। यानी अगर जमीन का रेट 1 करोड़ रुपए है तो 80 हजार रुपए रजिस्ट्रेशन फीस लगती थी। लेकिन अब संपत्ति का दाम कितना भी अधिक हो, रजिस्ट्रेशन फीस 500 रुपए ही लगेगा। साहू ने कहा पहले स्टांप ड्यूटी के लिए 0.5 प्रतिशत, हकत्याग के लिए 0.5 प्रतिशत चार्ज को यथावत रखा गया है। राज्य में सुशासन की सरकार के इस कदम से प्रदेश के हजारों लोगों को फायदा मिलेगा। उनके लिए भी ये फायदेमंद होगा जो अपनों को अचल संपत्ति उपहार में देते हैं।



## वितरण : ग्राम पीढ़ी, खड़सा और लहंगर पहुंचे विधायक

# विधायक ने किया 85 लाभार्थियों को जाति प्रमाण पत्र का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयास से जनसुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिसके तहत शनिवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा ग्राम पीढ़ी, खड़सा और लहंगर के कुल 85 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि यह पहल सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का जीता-जागता उदाहरण है। यह कार्य प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों से संभव हो सका है। उन्होंने सभी लाभार्थियों को बधाई दी और प्रशासनिक टीम की सराहना की।



जिले में जनमन योजना के तहत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में तथा एसडीएम महासमुंद के नेतृत्व में हल्का पटवारी के प्रयासों से ग्राम पीढ़ी, खड़सा और लहंगर के विशेष पिछड़ी जनजाति के पात्र 85 हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाए गए। जनमन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों को सरकारी सुविधाओं तक आसान पहुंच प्रदान किया जा रहा है। इस पहल ने न केवल ग्रामीणों की सुविधा को बढ़ावा दिया है, बल्कि उनकी सरकारी योजनाओं में भागीदारी को भी सुनिश्चित किया है। ग्रामीणों ने इस पहल पर खुशी जाहिर की और राज्य शासन एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि पहले प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा उनके गांव तक पहुंच गई है। अब हमें सरकारी सुविधाओं का लाभ गांव में ही मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# मुस्लिम जमात द्वारा आयोजित जलसे में सैयद अमीनुल कादरी पेश करेंगे खिताब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

नगर में मुस्लिम जमात द्वारा तस्लीम-ए-रिसालत नाम के एक भव्य इस्लामी जलसे का आयोजन 2 दिसंबर को दोपहर 2 से 4 बजे तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम मुस्लिम जमात के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इसमें विशेष खिताब पेश करने के लिए मशहूर इस्लामी विद्वान और दावते इस्लामी के हिंदुस्तानी निगरां, सैयद अमीनुल कादरी साहब का आगमन हो रहा है। उनके आगमन को लेकर स्थानीय मुस्लिम समाज में गहरी उत्सुकता और उमंग का माहौल है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य इस्लामी शिक्षाओं, पैगंबर मोहम्मद की सुन्नतों और उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। जलसे में सैयद अमीनुल कादरी साहब अपने प्रभावशाली और ज्ञानवर्धक खिताब के माध्यम से इस्लामी जीवनशैली, पैगंबर मोहम्मद के नैतिक और आध्यात्मिक योगदान और उनकी शिक्षाओं को समकालीन समाज के संदर्भ में प्रस्तुत करेंगे। उनके प्रवचन में इंसानियत, भाईचारा, और धार्मिक सहिष्णुता पर विशेष जोर रहेगा। इस कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों से नामी उलेमा-ए-कराम भी भाग लेंगे, जिससे इसका महत्व और बढ़ गया है। स्थल की सजावट, आगंतुकों के स्वागत, और बैठने की व्यवस्था के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं। मुस्लिम समाज के युवा जोश और उत्साह के साथ इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। मुस्लिम जमात के अध्यक्ष हाजी शाहिद खान ने बताया कि यह जलसा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह समाज में आपसी एकता और भाईचारे का संदेश देने वाला एक प्रेरणादायक अवसर भी होगा।



उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज के सभी वर्गों को साथ लाने और सामूहिक रूप से उन्नति की दिशा में बढ़ने का अवसर मिलता है। आयोजकों ने सभी धर्म और समाज के लोगों से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। आयोजकों का मानना है कि यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी एक मील का पत्थर साबित होगा।₹तस्लीम-ए-रिसालत₹ जलसा, एक ऐसा अवसर होगा जो ज्ञान, आध्यात्मिकता, और सामुदायिक सहयोग का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगा। आप सभी से आग्रह है कि इस पवित्र अवसर में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाएं।

## छात्रों ने दी सुआ लोक नृत्य की प्रस्तुति



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह में शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद की छात्राओं ने संस्था के सांस्कृतिक प्रभारी तोषण गिरि गोस्वामी के निर्देशन में छत्तीसगढ़ का सुप्रसिद्ध लोकनृत्य सुआ की प्रस्तुति दी। आकर्षक वेशभूषा तथा कर्णप्रिय संगीत से सजी शानदार नृत्य को अतिथियों तथ दर्शकों बहुत पसंद किया । वहीं देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ की लोककला की जानकारी हुई । इसके लिए आयोजन समिति द्वारा छात्राओं तथा शिक्षक को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया । छात्राओं की इस सफलता पर प्राचार्य जीआर सिन्हा, विवेक रहटगांवकर, ज्योति किरण चंद्राकर, देवेंद्र कुमार शर्मा, तपस्या शर्मा, पूजा साहू, आशीष देवांगन, तुलसी राम साहू, हेमंत खुंटे, कीर्तन साहू , आयशा लतीफ सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# 'लगातार मिल रही पराजय से कांग्रेस में बौखलाहट'

## ईवीएम पर सवाल उठाने से पहले कांग्रेस के निर्वाचित नेता पद छोड़े : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस नेताओं द्वारा ईवीएम की विश्वसनीयता सहित चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर उठाए गए सवाल को हार की बौखलाहट में कोरी बयानबाजी करार दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व ही छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कवासी लखमा तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया था, यदि ऐसा ही है तो, इसी ईवीएम से वे भी विधानसभा सदस्य चुने गए हैं, उन्हें तत्काल त्यागपत्र दे देना चाहिए।

शनिवार को कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक में ईवीएम व चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर कांग्रेसियों ने आपत्ति दर्ज करते हुए बैलेट पेपर पर चुनाव कराने जोर दिया था। इसे लेकर चंद्राकर ने कहा कि यदि ईवीएम मशीन पर कांग्रेस नेताओं को भरोसा नहीं है तो सबसे पहले कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों और राहुल गांधी जैसे अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस्तीफा दे देना चाहिए तथा घोषणा करनी चाहिए कि वे मतपत्र से चुनाव होने पर ही इसमें भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इस मुद्दे पर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाना चाहिए। श्री चंद्राकर ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने कई बार चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और ईवीएम की विश्वसनीयता की पुष्टि की है। कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा को इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि वे उसी चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए हैं, जिस पर वे सवाल उठा रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि यह विडंबना है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ईवीएम पर उस दिन सवाल उठाया जिस दिन प्रियंका वाड्रा ने 4 लाख से अधिक वोटों के अंतर से चुनाव जीतकर लोकसभा सांसद के रूप में शपथ ली। श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि वीवीपैट (वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) में ईवीएम में डाले गए वोटों का 100 प्रतिशत मिलान होता है। कांग्रेस मतपत्र से चुनाव चाहती है तो सबसे पहले राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, सुखविंदर सिंह सुक्खू, रेवंत रेड्डी और सिद्धरमैया को इस्तीफा देना चाहिए। उन्हें कहना चाहिए कि वे ईवीएम के जरिये चुने गए हैं, जिसमें छेड़छाड़ की गई है और जब तक मतपत्र से चुनाव नहीं होता, वे चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस की लगातार हार से ये लोग आत्मविश्वास खो चुके हैं। इसलिए, अपनी कमजोरी छिपाने समय-समय पर ईवीएम एवं चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जल्द ही इतिहास के पन्नों तक सीमट जाएगी।



# नवोदय परीक्षा तैयारी कोचिंग बैदपाली संकुल में प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

विकासखंड अंतर्गत बैदपाली संकुल केंद्र के आने वाले प्राथमिक शाला के स्कूल बैदपाली, कन्या आश्रम शाला ,बानीगिरोला, चकरदा, दर्राभाठा के पांचवीं कक्षा के बच्चों को नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग प्रारंभ किया गया है। इस कोचिंग का शुभारंभ संकुल प्रभारी /प्राचार्य बीएस भोई, संकुल समन्वयक पालसिंह बंजारे और वरिष्ठ प्रधान पाठक देवेंद्र लोई ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संकुल प्राचार्य बीएस भोई ने बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया व नवोदय गाइड प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि बच्चों को नवोदय की तैयारी के लिए टेस्ट व अभ्यास के माध्यम से सफलता की ओर अग्रसर होना है। इस अवसर पर प्रतिभा चौधरी, परिमल प्रधान, कश्यप प्रधान, अमृता पटेल, गीता दीवान, जयंत बारीक, ईश्वरी तिवारी, वर्षा नंद, विजीता प्रधान, दीपक मिश्रा, कमला प्रधान आदि उपस्थित थे।

# खिलाड़ियों को ऐतिहासिक नगरी सिरपुर का भ्रमण कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

नगर के मिनी स्टेडियम में सम्पन्न हुई 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हैंडबाल में देश भर से खिलाड़ी और कोच मैनेजर शामिल रहे महासमुंद विधानसभा के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में इन्हें ऐतिहासिक पुरातात्विक महत्व की नगरी सिरपुर के भ्रमण के लिए रवाना किया गया पूरे भारतवर्ष के 20 राज्य और विभिन्न समितियों से पहुंचे खिलाड़ी, कोच और दलप्रबंधक शामिल रहे मेहमानों का भ्रमण जिला शिक्षाधिकारी मोहनराव सावंत के मार्गदर्शन और सहायक संचालक नंद किशोर सिन्हा, सतीश नायर, जिला खेल अधिकारी अंजली बरमाल के सहयोग से संपन्न हुआ। यातायात समिति के संयोजक व्याख्याता परस राम सिन्हा, सह संयोजक व्यायाम शिक्षक कामता प्रसाद साहू, ऋषि कुमार साहू, कामता प्रसाद साहू तुमगांव, योगेश सोनवानी, रविंद्र ग्वाल, कुंतल बाघमार, नारायण गभेल, प्रमिला गौतम, समन्वयक आशीष कुमार साहू और यातायात के अन्य सदस्यों ने टीमों के साथ-साथ रहकर भ्रमण को सफल बनाया।



# संविधान दिवस पर डाइट में दिलाई गई शपथ

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान दिवस के अवसर पर प्रस्तावना का वाचन करते हुए भारतीय एकता व अखंडता को अक्षुण्ण रखने की शपथ प्रशिक्षण में आए शिक्षकों व छात्राध्यापकों को दिलाई गई। प्रस्तावना वाचन के पूर्व प्राचार्य श्रीमती मीना पाणिग्राही ने कहा कि हमें अपने संविधान की रक्षा व देश की एकता के लिए दृढ़ संकल्पित होना चाहिए। सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान एवं साहित्यिक प्रभारी टेकराम सेन ने कहा कि भारतीय संविधान पूरे विश्व का अनुपम कृति व देश को एकता की डोर में बांधने वाला दस्तावेज है। हमारे हृदय में संविधान के प्रति पूर्ण समर्पण व श्रद्घा होनी चाहिये। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा प्रार्थना सभा में सभी विद्यालयों व डाइट में प्रतिदिन संविधान पर चर्चा की अपील की गई। संस्थान की ओर से सहायक प्राध्यापक के सिंग, उमादेवी शर्मा, राजेश चंद्राकर, संतोष साहू, कमलेश पांडेय, किरण कन्नौजे, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, तिलोत्तमा प्रधान, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू सहित समस्त कार्यालयीन स्टाफ ने संबोधित करते हुए भारतीय संविधान को अद्वितीय व अतुलनीय निरुपित किया। उक्त जानकारी संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता एवं साहित्यिक प्रभारी टेकराम सेन ने दी है।



# केंद्रीय विद्यालय में एफएलएन प्रदर्शनी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में एफएलएन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को विकसित करने वाले मॉडल,शिक्षण सामग्री और खेल सामग्री को प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने शब्द निर्माण, विलोम शब्द, समानार्थी शब्द, मात्राएं, संख्या ज्ञान, स्थानीय मान, जोड़ना, घटाना, गुणा, भाग, आकार, भिन्न आदि को अपने मॉडल और सामग्री के माध्यम से समझाने का प्रयास किया।

प्राचार्य संजय कंसल ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को सीखने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मॉडल और शिक्षण सामग्री की उपयोगिता पर सभी विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे और विद्यार्थियों ने बखूबी जवाब दिया । प्रदर्शनी में कक्षा पहली से अविका शर्मा ने प्रथम, अंश टंडन द्वितीय, गीतिका बंजारे तृतीय, कक्षा दूसरी में प्रथम माधविक, द्वितीय स्वजय, तृतीय कृति कक्षा तीसरी में प्रथम चैतन्य चंद्राकर, द्वितीय रियाना बंजारे, तृतीय राघव ध्रुव,कक्षा चौथी में प्रथम कल्प चंद्राकर, द्वितीय मोक्षिता वर्मा, तृतीय स्तुति खटकर, कक्षा पांचवी में प्रथम दिशा दीवान, द्वितीय रूपाली यादव, तृतीय हर्षिता मीणा ने प्राप्त किया। प्रदर्शनी में विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर, नीलमाधव सिंह, गुलाब आवड़े, प्रताप सोनी, सूर्यकमार, प्रभात देवांगन, विजेता, सोनिया, प्रवीण साहू, प्रकृति, नागेश्वर उपस्थित थे।

## शोध संगोष्ठी में डॉ. अनुसुइया ने रामकथा को निस्वार्थ प्रेम और शक्ति का प्रतीक बताया

# स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

नेपाल की राजधानी काठमांडू में 27-28 नवंबर को आयोजित द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में डॉ. अनुसुइया अग्रवाल, प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद, छत्तीसगढ़ ने रामकथा को निस्वार्थ प्रेम और शक्ति का प्रतीक बताया।

इस संगोष्ठी का आयोजन कन्हैयालाल मानिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषा विज्ञान विद्यापीठ आगरा, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा, त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू नेपाल, बीडी जैन कन्या महाविद्यालय आगरा, बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय आगरा और ग्लोबल हिंदी ज्योति कैलिफ़ोर्निया अमेरिका के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि नेपाल सरकार के संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री बद्रीप्रसाद पांडे थे, जबकि ग्लोबल हिंदी ज्योति कैलिफ़ोर्निया की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अनिता कपूर विशिष्ट अतिथि थीं। कार्यक्रम के दूसरे दिन अकादमिक सत्र की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अनुसुइया ने राम के जीवन को सत्य, प्रेम और कर्तव्य का आदर्श बताया। उन्होंने कहा, ₹राम का अपनी पत्नी सीता के प्रति अटूट प्रेम ही उन्हें रावण से युद्ध करने और उसे पराजित करने के लिए प्रेरित करता है। राम अच्छाई, धर्म, और करुणा का प्रतीक हैं।



उन्होंने राम के चरित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम का जीवन न केवल उनके साहस और भक्ति के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि वे न्याय, त्याग और कर्तव्यपरायणता के आदर्श भी हैं। छत्तीसगढ़ के जनजीवन में राम की लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वहां राम-राम अभिवादन का प्रचलित रूप है। डॉ. अनुसुइया के वक्तव्य को सभा में उपस्थित विद्वानों ने अत्यधिक सराहा। उनके अध्यक्षीय उद्बोधन के अंत में उन्हें काठमांडू की सांसद द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत के विभिन्न राज्यों हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल, दिल्ली आदि से विद्वान शामिल हुए। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. प्रदीप श्रीधर और बंदना अग्रवाल ने किया।